RAF SECTOR

NEWS CLIP

22/06/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Prayagraj (UP)

शांतिपुरम स्थित द्रुत कार्य बल परिसर में विश्व योग दिवस पर योगासन करते आरएएफ के अधिकारी व जवान • सौजन्य : आरएएफ

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

नरवा. रैफ 106 बटालियन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, कमांडेंट ने कहा

तनाव मुक्त होने का सबसे बड़ा साधन है योग

योगाभ्यास करते आरएएफ 106 बीएन के जवान

प्रतिनिधि, नरवा

सुंदरनगर स्थित द्रुत कार्यबल (रैफ) 106 बटालियन ने कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में विश्व योग दिवस मनाया. इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी व रैफ 106 के सभी कंपनी के जवान व महिला कर्मी तथा उनके परिजन कोविड 19 के गाइड लाइन का पालन करते हुए कैंप परिसर के योगाभ्यास किये.

यह योगाभ्यास विहंगम योग संस्थान के योग गुरू चंद्र शेखर सिंह एवं राज किशोर राय के मार्गदर्शन में कराया गया. मौके पर कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह एवं योग गुरूओं ने योग से फायदे के बारे में बताया. कहा कि तनाव मुक्त होने का सबसे बड़ा साधन है योग. योग प्रत्येक व्यक्तियों का करना चाहिए.

अधिकारी व जवानों ने किया योग:

जादूगोड़ा: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर केरिपुबल जादूगोड़ा परिसर में योग दिवस मनाया गया. इस अवसर पर अधिकारी एवं जवानों ने उत्साह के साथ योग किया. योग सत्र का शुभारंभ पुलिस उपमहानिरीक्षक आशु शुक्ल ने किया. उन्होंने मानव जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया एवं सभी से योग को जीवन का एक हिस्सा बनाने को कहा. इसके बाद योगा अभ्यास किया गया. इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया.

योग को दिनचर्या में शामिल करें : विनय

पोटका : गितिलता स्थित रंगा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में योग दिवस के अवसर पर ऑनलाइन योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योग गुरू विनय रंजन उपस्थित थे.योग गुरू विनय रंजन ने ऑनलाइन जुड़े सभी लोगों को योग के महत्व की जानकारी दी एवं योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील की.कहा कि नियमित योग से लोग निरोग रह सकते है. योग प्रतिदिन सुबह को कुछ समय निकालकर वश्य करें. इस अवसर पर कॉलेज के सचिव गौरव बच्चन समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

चांपी स्टेडियम में लगाये गये 80 पौधे: पोटका प्रखंड के चांपाय बाहा आखड़ा चांपी के अनुरोध पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने सोमवार को चांपी स्टेडियम में लगभग 80 पौधे लगवाये. इस मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि चांपी का यह फुटबॉल स्टेडियम पोटका के प्रसिद्ध स्टेडियम है. जहां सालों भर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है. यहां एक भी वृक्ष नहीं होने के कारण दर्शकों एवं ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता था. कमेटी एवं ग्रामीणों की ओर से स्टेडियम परिसर में सौंदर्यीकरण के लिए पौधरोपण कराने का आग्रह किया गया था. जिसके पश्चात पौधरोपण कराया गया. इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य चंद्रावती महतो, बबलु चौधरी, अवित्र सरदार, पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर सरदार, पोलटू मंडल, धीरेंद्र नाथ सरदार, श्रीकांत सरदार, सुनील सरदार, सुनील हितेश भगत आदि उपस्थित थे.

तारा पब्लिक स्कूल में योग दिवस का आयोजन

तारा पब्लिक स्कूल हरिवंश नगर हाता में योगा दिवस पर शिक्षक- शिक्षिकाओं ने स्कूल परिसर में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए योगाभ्यास किया गया. इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य कमलेश मिश्र ने कहा कि योग न केवल आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है, बल्कि आपके मन और आत्मा को भी शांत करता है. इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक मानस शर्मा, मिहिर गोप, प्रसनजीत विश्वास, अंबुज प्रमाणिक, सपन पात्र, हेमचंद्र पात्र, विश्वामित्र खंडायत आदि मौजूद थे.

लेख प्रतियोगिता रंभा कॉलेज के संदीप विजेता : विमेंस कॉलेज जमशेदपुर की ओर से ऑनलाइन राज्य स्तरीय लेख प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को किया गया.

इस प्रतियोगिता राज्य के विभिन्न कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में अंग्रेजी वर्ग में गितिलता स्थित रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संदीप सिंह को प्रथम स्थान मिला है. जिन्हें मुख्य अतिथि झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुरस्कृत किया गया. संदीप रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड का छात्र है.

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।